UNNAO POLICE

प्रेस नोट 01- दिनांक 18.06.2024
थाना कोतवाली सदर,जनपद उन्नाव ।

गूगल-पे के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई धनराशि में से 5000/- रू0 पीड़ित के खाते में कराई गई रिफण्ड

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी महोदया नगर के कुशल पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गूगल पे के माध्यम से फ्रॉड कर निकाली गई 19,998/- रू0 की धनराशि में से 5,000/- की धनराशि पीड़ित के खाते में रिफण्ड कराई गई।

संक्षिप्त विवरण- थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव में आदर्श कुमार निवासी करोवन थाना कोतवाली सदर उन्नाव द्वारा प्रार्थना पत्र बावत दिनांक 18.04.2024 को गूगल पे के माध्यम से 19,998/- रू0 का फ्रॉड होने विषयक दिया गया था । जिस पर थाना कोतवाली उन्नाव की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए फ्रॉड की गयी 5000/- रू0 की धनराशि आवेदक के खाते में रिफण्ड करायी गई। शेष धनराशि को रिफण्ड कराने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यवाही करने वाली टीम-

1.अपराध निरीक्षक राजेश यादव ।
2.उ0नि0 बृजेश कुमार यादव ।
3.महिला आरक्षी सोनिया शर्मा ।

प्रेस नोट 02- दिनांक 18.06.2024
थाना असोहा,जनपद उन्नाव।

हत्या के प्रयास का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व श्रीमन क्षेत्राधिकारी महोदय पुरवा के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना असोहा पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 28.05.2024 को प्रार्थिनी पार्वती पत्नी संतोष कुमार कश्यप ग्राम गोरिन्दा थाना असोहा जिला उन्नाव द्वारा थाना असोहा पर तहरीर दी गई कि दिनांक 24.05.2024 समय लगभग 7.30 बजे मेरे पति संतोष कुमार पुत्र रामअसरे पावर हाऊस मे लाईन मैन पद पर तैनात है जैसे ही मेरे पति घर पहुंचे तभी शीतल प्रसाद पुत्र स्व० शंकर कंश्यप द्वारा उनके साथ गाली गलौज की गई तथा विरोध किया तो शीतल प्रसाद ने मेरे पति को चाकू से वार कर जान से मारने की कोशिश की। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना असोहा पर मु0अ0सं0 106/24 धारा 307/504 भा0दं0वि0 बनाम शीतल प्रसाद उपरोक्त पंजीकृत किया गया। आज दिनांक 18.06.2024 को उ0नि0 अनिल कुमार राजपूत मय हमराह फोर्स द्वारा मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त शीतल प्रसाद पुत्र स्व0 शंकर कश्यप निवासी ग्राम गोरिन्दा थाना असोहा उन्नाव उम्र 63 वर्ष को ग्राम गोरिन्दा से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1-शीतल प्रसाद पुत्र स्व0 शंकर कश्यप निवासी ग्राम गोरिन्दा थाना असोहा उन्नाव उम्र 63 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. उ0नि0 अनिल कुमार राजपूत
2. का0 संजू यादव

प्रेस नोट 03- दिनांक 18.06.2024
थाना हसनगंज,जनपद उन्नाव।

वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय हसनगंज के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हसनगंज पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- आज दिनांक 18.06.2024 को उ0नि0 श्री अनिल कुमार शर्मा मय हमराह फोर्स द्वारा वारंटी अभियुक्त रूपचन्द्र उर्फ गूंगा पुत्र श्रीराम नि0 पिछवाड़ा थाना हसनगंज उन्नाव संबन्धित अ0सं0 310/18 केश नं0 2015/19 धारा 60/63 आब0अधि0 तारीख पेशी 01.07.24 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1- रूपचन्द्र उर्फ गूंगा पुत्र श्रीराम नि0 पिछवाड़ा थाना हसनगंज उन्नाव उम्र करीब 35 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1.उ0नि0 श्री अनिल कुमार शर्मा।

2-का0 विजय यादव

UNNAO POLICE

प्रेस नोट 04- दिनांक 18.06.2024
थाना कोतवाली सदर,जनपद उन्नाव।

गैर इरादतन हत्या के दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन एवं श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व क्षेत्राधिकारी महोदया नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा गैर इरादतन हत्या के दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण- दिनांक 17.06.2024 को वादी मुकदमा श्री महावीर शर्मा पुत्र रामशंकर शर्मा नि0 इश्वरी नथई खेड़ा थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव की तहरीरी सूचना पर बावत अभियुक्तगण द्वारा वादी की पुत्री सीमा देवी उम्र करीब 35 वर्ष के साथ मारपीट करना जिससे उसकी मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 389/24 धारा 498ए/304 भादवि0 विरुद्ध 1. भानू उर्फ सतीश पुत्र स्व0 बाबू लाल 2. बऊआ पुत्र स्व0 बाबू लाल नि0गण उम्मीदो का शहर काशीराम कालोनी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव पंजीकृत किया गया ।आज दिनांक 18.06.2024 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा नामित अभियुक्तगण 1. भानू उर्फ सतीश पुत्र स्व0 बाबू लाल 2. बऊआ पुत्र स्व0 बाबू लाल नि0गण उम्मीदो का शहर काशीराम कालोनी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव को कांशीराम कालोनी मोड़ से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1.सतीश उर्फ भानु पुत्र स्व0 बाबू लाल नि0 उम्मीदो का शहर काशीराम कालोनी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र 38 वर्ष

2.दिनेश उर्फ बऊआ पुत्र स्व0 बाबू लाल नि0गण उम्मीदो का शहर काशीराम कालोनी थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव उम्र 30 वर्ष

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

01. उ0नि0 राजीव त्रिपाठी
02. का0 गौरव कुमार